FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट पुलिस मुठभेड़ थाना एका दिनाँक 16-11-2026 जनपद फिरोजाबाद।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा एवं श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में थाना एका पुलिस टीम द्वारा थाना एका क्षेत्रान्तर्गत हत्या की घटना कारित करने वाला अभियुक्त देवेन्द्र पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार ।

- पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से शातिर अभियुक्त देवेन्द्र हुआ घायल।
- अभियुक्त देवेन्द्र से अवैध असलहा कारतूस बरामदगी सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।
- घायल अभियुक्त देवेन्द्र को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 15.11.2026 को सुबह लगभग पाँच बजे ग्राम सिंहपुर उडेसर में मृतक प्रदीप कुमार पुत्र बज्र सिंह निवासी ग्राम सिंगपुर उडेसर थाना एका जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 30 वर्ष की घटना में गिरफ्तारशुदा अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र गंगा सिंह यादव निवासी ग्राम सिंगपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद के द्वारा अपने अन्य सह अभियुक्तगणों के साथ मिलकर जमीनी रजिंश में पीट पीटकर मृतक प्रदीप की निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना एका पर मु.अ.स.0301/2026 धारा-191 (2) /191(3)/190/103(1)/352/ 351(2)/3(5)/61(2) बीएनएस बनाम देवेन्द्र पुत्र गंगा सिंह यादव निवासी ग्राम सिंगपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद व अन्य 12 अभियुक्तगण के विरूद्ध पंजीकृत हुआ था।

कृत कार्यवाही

मुकदमा उपरोक्त में वाँछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगातार अभियुक्तगणों के मस्कन एवं सम्भावित स्थानों पर तलाश कर रही थी। अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखविर खास द्वारा पुलिस टीम को सूचना मिली कि उपरोक्त घटना के वांछित अभियुक्त देवेन्द्र नहर पटरी के रास्ते से कहीं भागने की फिराक में है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा नगला धारू पुल से आगे नहर पटरी से ग्राम निनावली के पास सघन चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया तो उक्त संदिग्ध व्यक्ति द्वारा

पुलिस टीम पर जान से मारन की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी कार्यवाही में उक्त संदिग्ध व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान थाना एका पर पंजीकृत मु.अ.स.0301/2026 धारा-191 (2) /191(3)/190/103(1)/352/ 351(2)/3(5)/61(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त के रुप में हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त से एक अवैध तमंचा , दो जिन्दा कारतूस व दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त देवेन्द्र को वास्ते उपचार सीएचसी एका, जिला अस्पताल पुलिस टीम के साथ रवाना किया गया है तथा नियमानुसार अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता

1. देवेन्द्र पुत्र गंगा सिंह निवासी ग्राम सिंगपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी

1. एक अवैध तमंचा(315 बोर)
2. दो जिन्दा कारतूस(315 बोर)
3. दो खोखा कारतूस(315 बोर)

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

1. मु.अ.स.0301/2026 धारा 191 (2) /191(3)/190/103(1)/352/351(2)/3(5)/61 (2) बीएनएस थाना एका जनपद फिरोजबाद
2. मु.अ.स.305/2026 धारा 109 (1) बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना एका जनपद
3. मु.अ.स.0299/2026 धारा 191 (2)/115 (2)/352/125 बीएनएस थाना एका जनपद फिरोजाबाद

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम..

1. श्री राजेश कुमार पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना ऐका जनपद फिरोजाबाद
2. उ0नि0 श्री विश्वेन्द्र सिंह थाना एका जनपद फिरोजाबाद
3. उ0नि0 बृजमोहन सिंह थाना एका जनपद फिरोजाबाद
4. का0 962 अमन छोकर थाना एका जनपद फिरोजाबाद
5. का0 35 राम कुमार थाना एका जनपद फिरोजाबाद
6. का0 321 योगेन्द्र सिंह थाना एका जनपद फिरोजाबाद
7. का०चा० गौरव कुमार थाना एका जनपद फिरोजाबाद